भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. **1386**

सोमवार, **1** जुलाई, 2019/10 आषाढ़, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

इको-पार्कों का विकास

1386. श्री उपेन्द्र सिंह रावतः

श्री कौशल किशोरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में विकसित इको-पार्कों की संख्या कितनी है और इको-पार्कों से सरकार को कितना राजस्व अर्जित हुआ है;

(ख) इस संबंध में राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में इको-पार्कों के निर्माण का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथों का विकास कर रहा है । योजना के अंतर्गत स्वीकार्य घटकों में ईको पार्क/रोमांचकारी पार्क/रोमांचकारी कार्यकलाप क्षेत्र हैं । परियोजनाओं के ब्यौरे जिसके तहत मंत्रालय ने ईको पार्क/रोमांचकारी पार्क/रोमांचकारी कार्यकलाप क्षेत्र के घटकों को वर्ष 2014-15 में योजना के शुभारंभ से निम्नानुसार स्वीकृत किया है :

क्र.सं.	स्वीकृत वर्ष	परियोजना
1.	**2015-16**	केरल के इडुकी और पथनमथिट्टा जिलों में पथनमथिट्टा- गावी-वागमोन-थेक्काडी का ईको पर्यटन परिपथ के रूप में विकास
2.	**2015-16**	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्री पोट्टी श्रीरामलू नेल्लोर में तटवर्ती पर्यटन परिपथ का विकास
3.	**2015-16**	थेंजावल एवं साउथ जोट, जिला सेरचिप और रेइक, मिजोरम में स्वदेश दर्शन पूर्वोत्तर परिपथ के अंतर्गत नए इको-पर्यटन का एकीकृत विकास

4.	**2016-17**	जम्मू एवं कश्मीर में हिमालय परिपथ थीम के तहत मंतालाई-सुधमहादेव-पटनीटॉप में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास
5.	**2016-17**	जम्मू एवं कश्मीर में हिमालय परिपथ थीम के तहत गुलमर्ग-बारामुला-कुपवाड़ा-लेह परिपथ पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास.
6.	**2017-18**	स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत गांधीसागर बांध - मण्डलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध- इन्दिरा सागर बांध - तवा बांध- बारगी बांध- भेड़ाघाट- बनसागर बांध- केन नदी का विकास।
7.	**2017-18**	स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत "इको-रोमांचकारी परिपथ आइजवाल-रॉपुइछिप-खॉहफॉव-लेंगपुई-डर्टलॉग-चतलांग-सकव्रवमुईट्वेट-लॉग-मुथी-बेराटलॉग-तुइरियाल एयर फील्ड-मुईफॉग" का विकास
8.	**2018-19**	त्रिपुरा में पूर्वोत्तर परिपथः सुरमा छेरा-उनाकोटी –जुम्पुई हिल्स-गुनाबाती-भुनानेश्वरी-माताबाड़ी-नीरमहल- बॉक्सानगर-छोटा खोला-पिलक- अवांगछारा का विकास
9.	**2018-19**	झारखंड में ईको परिपथः डालमा-चंडिल- गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय अभयारण्य –मिर्चैया-नेतरहाट का विकास

मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में ईको पार्क के विकास हेतु कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की है ।

******